भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4706

उत्तर देने की तारीख: 22.07.2019

विल्लुपुरम में केन्द्रीय विश्वविद्यालय

4706. श्री डी॰ रविकुमारः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है**;** और

(ख) यदि हां**,** तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): जी, नहीं। वर्तमान में तमिलनाडु के जिला विल्लुपुरम में केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है। 12वीं योजना (2012-17) के दौरान राष्ट्रीय विकास परिषद् (एनडीसी) द्वारा यथा अनुमोदित उच्चतर शिक्षा प्रणाली को समेकित करने पर जोर दिया गया है। विस्तार मुख्यत: नई संस्थाओं की स्थापना के स्थान पर मौजूदा संस्थाओं की क्षमता को बढ़ाकर किया जाना है। केंद्र सरकार ने नई संस्थाएं खोलने में राज्यों की सहायता करने के लिए लागत साझा करने के आधार पर राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) शुरू किया है। इसके अतिरिक्त, 'शिक्षा' समवर्ती सूची का विषय है, राज्य सरकारों ने भी अन्य निजी विश्वविद्यालयों/संस्थाओं के साथ संबंधित राज्यों में उच्चतर शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं।

*****